विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

वर्ष 5 अंक 217
पृष्ठ 16
मुजफ्फरपुर, मंगलवार
7 फरवरी 2017
नगर संस्करण *****
मूल्य ₹ 3.00

इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट की कार्यशैली का अवलोकन करेंगे मुख्य आयुक्त

जागरण संवाददाता, रक्सौल : सीमा शुल्क मुख्य आयुक्त परिक्षेत्र पटना शिवनारायण सिंह रक्सौल पहुंच आज करेंगे कार्यालय का निरीक्षण। इसकी जानकारी विभागीय सूत्रों ने दी। बताया कि रक्सौल में स्थित देश का दूसरा सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट की कार्यशैली का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही आयात-निर्यात से प्राप्त होने वाले राजस्व के संबंध में जानकारी लेंगे। भारत-नेपाल सीमा पर आयात-निर्यात को और सहज बनाने, व्यापारियों को हर संभव सुविधा देने पर चर्चा करेंगे। लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली व राजस्व को बढ़ाने के लिए नियमसंगत निर्देश देंगे। नेपाल के प्रमुख व्यापारिक संगठन उद्योग वाणिच्य संघ व रक्सौल के व्यापारिक संगठनों से बातचीत करेंगे। बता दें कि श्री सिंह बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड राज्य में आयात-निर्यात सीमा शुल्क कार्यालय इनके अधीन है। श्री सिंह इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सुरक्षा एजेंसियों से भी बातचीत कर सकते है। कार्यालय के कागजातों के रख-रखाव तथा अधिकारियों के समस्या से रूबरू होंगे। स्थानीय कस्टम अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि रक्सौल कस्टम कार्य पेपर लैस है। आयात-निर्यात ऑनलाइन हो गया है। इसे और बेहतर बनाने की योजना है।

मुख्य आयुक्त शिवनारायण सिंह